दिन—शुक्रवार दिनांक— 13 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक का आरोप लगाते हुये अभ्यर्थी पटना में प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना के कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा परिसर में परीक्षा समाप्त होने से पहले ही छात्र परीक्षा भवन से निकलकर हंगामा करने लगे। छात्रों का आरोप है कि उन्हें प्रश्न पत्र निर्धारित समय से आधे घंटे देरी से दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर यह प्रश्न पत्र दिन के एक बजे ही वायरल हो गया। छात्र परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह और वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा कुम्हरार पहुंचकर प्रदर्शनकारी छात्रों से बातचीत कर रहे हैं। इस बीच, बिहार लोक सेवा आयोग ने पेपर लीक की खबरों को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि यह परीक्षा राज्यभर के छत्तीस जिलों के नौ सौ बारह केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी।

———————————————————————

पटना में नेत्र रोगों की अति विशिष्ट चिकित्सा के लिए कोयम्बटूर स्थित शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया और स्वास्थ्य विभाग के बीच आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह और शंकरा फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक डॉक्टर आर.बी. रमणी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये। इसके तहत राज्य सरकार फाउंडेशन को पटना में एक दशमलव छह एकड़ जमीन एक रूपये की टोकन राशि पर उपलब्ध करायेगी। अस्पताल के भवन का निर्माण फाउंडेशन को करवाना होगा। समझौते के अनुसार ढ़ाई लाख रूपये से कम आय वाले परिवारों का अस्पताल में निःशुल्क इलाज होगा। साथ ही अन्य मरीजों का इलाज रियायती दर पर किया जायेगा।

———————————————————————

लोकसभा में आज भारतीय संविधान के पचहत्तर वर्ष की शानदार यात्रा पर विशेष चर्चा शुरू हुई। चर्चा शुरू करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूते हुए राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के सांस्कृ तिक मूल्यों की अभिव्यक्ति है। विपक्षी दल कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष रूप से आक्षेप करते हुए

रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सविधान को विशेष पार्टी के योगदान के रूप में पेश करने के प्रयास किये गए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान किसी एक पार्टी का योगदान नहीं है बल्कि यह भारत के मूल्यों के अनुरूप अतुलनीय और क्रंतिकारी दस्तावेज है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य कर रही है।

———————————————————————

संसद के दोनों सदनों में 2001 के संसद हमले के शहीदों को आज श्रद्धांजलि दी गई। दोनों सदनों के सदस्यों ने वीर सुरक्षा कर्मियों के सम्मान में मौन भी रखा। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने शहीद सुरक्षा कर्मियों ने साहस और वीरता को याद करते हुये कहा कि सदन आतंकवाद से दृढ़तापूर्वक निपटने की प्रतिबद्धता दोहराता है। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड ने कहा कि आज के दिन को राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों का सामना करने में सतर्कता और एकता की आवश्यकता को भी याद करना चाहिए।

———————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।